Phone : 0591-248553

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

1-ए/आई.एन.एस.-1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Baudha Vihar, Delhi Road, Moradabad

दिनांक 22/9/15

सन्दर्भ 1750/D-8/जं-15

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी,
संयुक्त कार्यालय,
कृते जिलाधिकारी,
रामपुर।

विषयः **प्रस्तावित स्थल ग्राम–रौराकलां, तहसील–मिलक, जिला–रामपु के गाटा संख्या–403 पर पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या–1583/जे0ए0–02, दिनांक 17.08.2015 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त सम्बंध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन बरेली द्वारा ग्राम–रौराकलां, तहसील–मिलक, जिला–रामपुर के गाटा संख्या–403 पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) के निर्माण हेतु आख्या चाही गयी है, के सम्बंध में अवगत कराना है कि उक्त स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के वैज्ञा0सहा0, श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा द्वारा दिनांक 19.09.2015 को किया गया। निरीक्षण आख्या संलग्न है। निरीक्षण आख्या के अनुसार पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। बशर्ते कि भण्डारण से किसी भी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप ऐग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

आख्या आपके अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है।

भवदीय

(अजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

प्रभारी अधिकारी, संयुक्त कार्यालय, कृते जिलाधिकारी, रामपुर के पत्रांक--1583 / जे0ए0--02, दिनांक 17.08.2015 के संदर्भ में प्रस्तावित स्थल ग्राम–रौराकलां, तहसील–मिलक, जिला–रामपुर के गाटा संख्या–403 पर मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन, बरेली द्वारा पेट्रोलियम की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्या :–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक 19.09.2015 को किया गया। स्थल निरीक्षण के समय निम्न तथ्य प्रकाश में आए :–

1. प्रस्तावित पेट्रोल पम्प ग्राम–रौराकलां, तहसील–मिलक, जिला–रामपुर के गाटा संख्या 403 पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
2. उक्त पेट्रोल पम्प के प्रस्तावित स्थल गाटा संख्या–403 के पूरब दिशा में कृषि भूमि, पश्चिम दिशा में मिलक–बिलासपुर रोड लगभग 50 मीटर व बाग, उत्तर दिशा में कृषि भूमि तथा दक्षिण दिशा में आम का बाग तत्पश्चात् डॉ0 रामबहादुर मेमौरियल डिग्री कॉलेज, लगभग 50.0 मीटर की दूरी पर स्थित है।
3. प्रस्तावित स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य होता हुआ नहीं पाया गया।
4. उक्त प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।

(अनिल कुमार विश्वकर्मा)
वैज्ञा0सहा0

सहा0वैज्ञा0अधि0 / क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

22.9.15

AKV